तापमान: नागपुर, अधिकतम 42.0°C 22.4°C

नागपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

राष्ट्रबाण
नागपुर VISION

॥ धर्मो रक्षति रक्षितः॥




# तेज धूप से तप रहा विदर्भ

## जारी रहेगा गर्मी का सितम

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** चिलचिलाती धूप से शहरवासी परेशान हैं. गर्मी का यह सितम आगे भी जारी रहेगा. फिलहाल राहत की संभावना नहीं है. नागपुर समेत पूरा विदर्भ तप रहा है. तेज धूप के कारण लू के मामले बढ़ गए हैं. गुरुवार को नागपुर का अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र और चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हो गया है. वहीं पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में एक नवगठित पश्चिमी अवदाब विदर्भ की ओर बढ़ गया है. इसके अलावा इस क्षेत्र में एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र भी बना हुआ है. इसके प्रभाव से एक बार फिर विदर्भ में बेमौसम बारिश का माहौल बन गया है. 12 अप्रैल तक बादल छाए रहने की उम्मीद है. दोपहर में गर्म हवा की लपटे गर्मी बढ़ाती हैं. तापमान बढ़ गया है. दोपहर में रास्ते पर आवाजाही कम और बाजारों में वीरानी नजर आ रही है. जरूरी होने पर ही लोग दोपहर में घर से बाहर निकल रहे हैं. तेज धूप में जाते समय सिर को सूती कपड़े से ढंकना जरूरी है. ज्यादा से ज्यादा पानी पीने का परामर्श दिया जा रहा है. शुक्रवार को भी तेज धूप रहेगी. हालांकि शाम को मौसम का मिजाज बदल सकता है.



### आंशिक बदली का मौसम बना

बुधवार को नागपुरवासीयों को मौसम के हर रूप से रू-ब-रू होना पड़ा था. जिसमें सुबह जहां चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल किया था. वहीं दोपहर में आसमान में छाए बादलों ने गर्मी में उमस का तड़का लगा दिया था. लेकीन दोपहर 4.30 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और गरज-चमक व तेज हवाओं के साथ बारिश ने दस्तक दी. लगभग दो घंटे झमाझम बारिश होने के बाद शाम को ठंडी हवा से मौसम सुहाना हुआ था. वहीं ऐसा लग रहा था के देररात बारिश होने के आसार होंगे. परंतु, मौसम का मिजाज गुरुवार को फिर बदल गया और दिनभर उमस भरी गर्मी का सामना लोगो को करना पडा. बता दे की, 11 से 13 अप्रैल तक आंशिक बदली का मौसम बना रहेगा लेकिन तापमान में कोई राहत नहीं मिलने वाली है. इस दौरान सिटी का अधिकतम तापमान 41-42 डिसे और न्यूनतम तापमान के 22 से 24 डिसे तक बना रहने के आसार हैं.

### गोंदिया के तापमान में गिरावट

नागपुर के साथ-साथ विदर्भ के गोंदिया को छोड दिया जाए तो पारा 40 डिग्री के उपर रहा. गोंदिया में पारा 39.4 डिसे रहा. वहीं अकोला में अभी भी सूरज का प्रकोप जारी है. हालांकि गुरुवार को अधिकतम तापमान में मामूली कमी आई, लेकिन पारा 43.5 डिग्री पर ही रहा. वहीं अमरावती 42.4, भंडारा 41.4, बुलढाना 40.0, ब्रम्हपुरी 40.1, चंद्रपुर 42.6, गड़चिरोली 41.2, गोंदिया 39.2, वर्धा 40.5, यवतमाल 41.4 और वाशिम का अधिकतम तापमान 41.2 डिसे दर्ज किया गया.

# शहर में खुलेगी आपदा प्रबंधन संस्थान

**सरकार का बड़ा फैसला**

शहर मुख्य संवाददाता



**नागपुर.** महाराष्ट्र सरकार ने नागपुर में राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया है. यह संस्थान केंद्र सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की तर्ज पर बनाया जाएगा. इसका उद्देश्य प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की राज्य की क्षमता को सुदृढ़ करना है. यह संस्थान आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करेगा, जैसे तैयारी, शमन (मिटीगेशन), जोखिम और संवेदनशीलता का आकलन, त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव कार्य, राहत, पुनर्वास, पुनर्निर्माण और प्रशिक्षण.

### 187 करोड़ रुपये की राशि मंजूर

संस्थान के लिए महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी द्वारा नागपुर के मल्टी-मोडल इंटरनेशनल कार्गो हब और एयरपोर्ट (मिहान) क्षेत्र में 10 एकड़ जमीन आवंटित की गई है. इसके आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए सरकार ने 187.73 करोड़ की मंजूरी दी है.

### कर्मचारियों की नियुक्ति को मंजूरी

साथ ही, संस्थान की कार्य आवश्यकताओं के अनुसार नियमित और अनुबंध आधारित कर्मचारियों, जिसमें तकनीकी सलाहकार की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है. इस संस्थान की संचालन समिति महाराष्ट्र के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यकारी समिति होगी.

# दोहरे हत्याकांड से हड़कंप

## तड़ीपार अपराधी सहित हत्यारोपी को मार डाला

### DB टीम की भूमिका भी संदिग्ध

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** सीताबर्डी के वसंतराव नाईक झोपड़पट्टी में बुधवार की रात तड़ीपार अपराधी सागर शंकर मसराम (24) और उसके साथी लक्ष्मण राजेश गोंद्या (24) पर हमला किया गया. उसे लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा गया और खून से लथपथ छोड़ दिया गया. इलाज मिलने से पहले ही सागर की भी मौत हो गई. वहीं लक्ष्मण की हालत भी चिंताजनक थी. अंततः गोंद्या की भी इलाज के दौरान मौत हो गई. इस दोहरे हत्याकांड ने सीताबर्डी पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं.

कहा जा रहा है कि यह हत्या पुलिस की लापरवाही के कारण हुई. इस मामले में डीबी टीम की भूमिका भी संदिग्ध है. इस हत्याकांड के दो आरोपी चंद्रशेखर उर्फ चंदू तुकाराम इरपाते (24) और पंकज तुकाराम इरपाते (26) इन्होंने रात में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था. पुलिस ने गुरुवार को आरोपियों को अदालत में पेश किया. अदालत ने उन्हें 14 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

जानकारी के अनुसार, सागर नामजद एक अपराधी था. उसे जोन 2 के पुलिस उपायुक्त द्वारा तड़ीपार कर दिया गया. तब भी वह बस्ती में रह रहा था. वह अपने साथियों लक्ष्मण और अजीम बेग के साथ अवैध गतिविधियों में सक्रिय था. कहते है कि, सीताबर्डी थाने की डीबी टीम को भी उसकी गतिविधियों की जानकारी थी. हालांकि, मधूर संबंध होने के कारण सागर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई. इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसका पता सभी के कॉल रिकॉर्ड निकालकर लगाया जा सकता है.



### भुरू जैसा गिरोह बनाने की थी तैयारी

सुत्रो के अनुसार, सागर के करीबी दोस्त अजीम और लक्ष्मण इलाके में भुरू जैसा गिरोह बनाने की तैयारी कर रहे थे. भुरु ने वसंतराव नाइक बस्ती में अपना साम्राज्य खड़ा किया था. हालांकि, 12 साल पहले, बस्ती के नागरिक उसके साम्राज्य को नष्ट करने के लिए एकजुट हो गए. इसके बाद इलाके से भुरू गिरोह का सफाया हो गया. अजीम और सागर मिलकर इलाके के हर युवक को अपने गिरोह में शामिल होने के लिए दबाव बना रहे थे. चंदू को भी अपने गिरोह में शामिल होने के लिए कहा गया. लेकिन उसने साफ मना कर दिया. तभी से अजीम और सागर उससे नाराज थे. मंगलवार की रात चंदू वीएचए मैदान में बैठकर शराब पी रहा था. इसी बीच अजीम और सागर वहां आए और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. चंदू इसकी शिकायत करने सीताबर्डी पुलिस थाने गए. हालांकि, पुलिस ने उसे भगा दिया क्योंकि वह नशे में था. इससे अजीम, सागर और लक्ष्मण को हिम्मत मिली. चंदू को खत्म करने की योजना बुधवार रात को ही बना ली गई थी. हालांकि, एक मामले में अजीम को हिरासत में लिया गया था. इसी बीच सागर और लक्ष्मण चंदू के घर पहुंच गए. उन्होंने उसे बाहर बुलाया और गाली-गलौज की. चंदू को डर था कि कहीं उसकी जान न चली जाए. इसलिए वह और उसका भाई लोहे की छड़ लेकर बाहर आये. उन्होंने सागर और लक्ष्मण को कोई मौका दिए बिना उन दोनों पर हमला कर दिया.

### बस्ती से थाने की दूरी मात्र 500 मीटर

सुत्रो के अनुसार, वसंतराव नाइक झुग्गी बस्ती सीताबर्डी पुलिस स्टेशन से सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर है. इस मोहल्ले में कई अपराधी रहते हैं. भुरू हत्याकांड के बाद यहां पुलिस चौकी को और अधिक सक्रिय कर दिया गया. इस प्रकार, यह प्रश्न उठता है कि, वह दूर रहते हुए भी बस्ती में कैसे रहता था? पुलिस थाने की डीबी टीम हर दिन इस बस्ती में गश्त करती है. उन्हें सागर की अवैध गतिविधियों के बारे में कैसे पता नहीं चला? काश पुलिस ने चंदू की शिकायत मंगलवार को ही दर्ज कर ली होती और कार्रवाई की होती. अन्यथा बुधवार रात को यह घटना नहीं घटती. इससे डीबी टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं. दिलचस्प बात यह है कि सीताबर्डी थाने की डीबी टीम हमेशा विवादों में रहती है. कुछ दिन पहले रामदासपेठ क्षेत्र में युवकों के एक समूह को कार चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. फिर 5 हजार रुपए लेकर मामले को रफादफा कर दिया गया था.

### ट्रक में लगाई आग

**नागपुर.** नागपुर के वाड़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार को आपसी रंजिश के चलते एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां कुछ अपराधियों ने ट्रांसपोर्टर के माल से भरे ट्रक को आग के हवाले कर दिया. हालांकि समय रहते ट्रांसपोर्टर ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है. दावलामेट्टी परिसर में विजय वाघमारे परिवार के साथ रहते हैं. विजय पेशे से ट्रांसपोर्टर हैं. उनका बेटा भी ट्रांसपोर्ट के उनके धंधे में उनकी हेल्प करता है.

# मजबूरी ने वेश्यावृत्ति के नरक में धकेला

## विदर्भ में दलाल दम्पति का नेटवर्क

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** उसका गृहस्थ जीवन चल रहा था पर उसके घर में पति होने के बाद नहीं है ऐसा अपभ्रंश था. वहीं घर में बुजुर्ग सास के साथ-साथ बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी भी उसके कंधों पर आ गई. वह सिलाई और ब्यूटी पार्लर में काम करती थी. सिलाई का व्यवसाय शुरू करने के लिए पैसों की आवश्यकता थी. वहां कोई सहायता उपलब्ध नहीं थी. दो वक्त की रोटी का इंतजाम करना भी उसके लिए मुश्किलो भरा था. अंतत:, पापी पेट के खातिर वह वह वेश्यावृत्ति में ढकेल दी गयी. बुधवार शाम को पुलिस के सामाजिक सुरक्षा विभाग (एसएसबी) ने खरबी चौक स्थित एक अपार्टमेंट में छापा मारा और वेश्यावृत्ति के गिरोह का भंडाफोड़ किया. वहां से पीडिता से एसएसबी के टीम ने छुडवाया. पुलिस ने उस दम्पति को गिरफ्तार कर लिया जो पीड़िता को वेश्यावृत्ति करने के लिए मजबूर कर रहे थे. आरोपी दम्पति का नाम खरबी चौक निवासी पूजा उर्फ जानवी भार्गव (32) और गोविंद भार्गव है. पुलिस के अनुसार,



आरोपी दम्पति गोविंद और पूजा भार्गव, गरीब परिवारों की महिलाओं और युवतियों को वित्तीय प्रलोभन देकर उनका शोषण करते हैं. उन्होंने विदर्भ की कई महिलाओं और युवतियों को अपने जाल में फंसाया है. वे ग्राहकों की मांग के आधार पर महिलाओं और युवतियों को बुलाते हैं. अपने स्वयं के वित्तीय लाभ के लिए उनसे देह व्यापार कराते हैं. यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा टीम की प्रमुख पुलिस इंस्पेक्टर कविता इसरकर को मिली. इसारकर के नेतृत्व वाली टीम ने बुधवार को जाल बिछाया. पंटर को ग्राहक बनाया और उनके पास भेज दिया. जैसे ही उसने चेतावनी दी, उन्होंने अपार्टमेंट पर छापा मार दिया. आरोपी दम्पति को एक विवाहित महिला से वेश्यावृत्ति का प्रलोभन देते हुए पाया गया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 3 मोबाइल फोन, 4,000 रुपये नकद और 1,000 रुपये नकद ऐसे कुल 40 हजार रुपये मूल्य की अन्य सामग्री जब्त की गई.

### ऐसी हुई पहचान

पीड़ित महिला की आर्थिक स्थिति बहुत नाजुक है. वह पैसे पाने के लिए अलग-अलग जगहों से श्रमिक कार्ड निकालती है. कार्ड निकालने पर उसे दो सौ रुपये मिलते थे. उस पैसे से उसका दिन भर का गुजारा होता था. पीड़िता जब श्रमिक कार्ड बनवाने गई तो उसकी मुलाकात एक महिला से हुई. उसके माध्यम से पीड़िता का पूजा से संपर्क हुआ. इसके बाद भार्गव दम्पति ने पीड़िता को वेश्यावृत्ति के नरक में धकेल दिया.

## जन्मकल्याणक महोत्सव



### मीठे बोल-एक अहिंसा अनमोल

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर गुरुवार को श्री दिगंबर जैन परवार मंदिर, परवारपुरा इतवारी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में तीर्थंकरों की आकर्षक झांकियां एवं भव्य जैन ध्वज रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही. जैन धर्म के मीठे बोल-एक अहिंसा अनमोल' के जयघोष से परिसर गुंजायमान रहा.



**आयोजन** जाम सांवली में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन ▪ भक्तिमय प्रस्तुति से भावविभोर हुए श्रद्धालु

# जामसांवली में अनूप जलोटा के भजनों ने बांधा समां

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** सौंसर के जामसांवली स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक), जाम सांवली में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय श्री रामकथा का गुरुवार भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ. जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के अमृतमयी वचनों को श्रवण करने के लिए मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के रंग में सराबोर हो गया.

रामकथा के तृतीय दिवस का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और भक्तिभाव के साथ हुआ. मुख्य यजमानों में गुड्डू जेठा, प्रशांत पराड़कर, डॉ. राजेश गावंडे, टीकाराम कारोकर, संतोष डवरे, विठ्ठल डवरे, अरुण येलमुले, महादेव मते, संजू डवरे, पांडुरंग बोबडे एंव वसंता येलमुले ने सपत्नीक सामूहिक रूप से व्यासपीठ और पवित्र श्रीरामचरित-मानस की विधिवत पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भी भक्तिभाव से पुष्पांजलि अर्पित की. इसके पश्चात, परम श्रद्धेय जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक प्रवचनों से तृतीय दिवस की श्री रामकथा का पाठ किया. उन्होंने श्रीरामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए जीवन के गूढ़ रहस्यों और आदर्श आचरण के सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डाला.

गुरुवार की इस विशेष संध्या में आयोजित महाआरती में प्रमुख समाजसेवी प्रवीण दुबे, अशोक सुदा, राधेश्याम सुदा एवं परिवार विशेष रूप से सम्मिलित हुए. उन्होंने भगवान श्री हनुमान जी की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की और सभी भक्तों की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की. महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय ध्वनियों से गुंजायमान हो उठा. हनुमान जन्मोत्सव की श्रृंखला में आज भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला. प्रसिद्ध हरिकथा वाचक ह.भ. प. धनंजय महाराज वासाडे, अध्यक्ष बलराम महाराज वसाडे संस्थान श्री क्षेत्र पंढरपुर ने अपने प्रेरणादायक हरिकीर्तन से उपस्थित श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. उनके ओजस्वी वाणी और भक्तिमय संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. तत्पश्चात संध्या को वाराणसी के आए हुए पुरोहितों द्वारा विशाल मंच पर गंगा आरती कर परिसर को आध्यात्मिक बना दिया. श्रद्धालुओं ने गंगा आरती में दिव्यता का अनुभव किया.




### जनसमुदाय को भक्ति के सागर में डुबो दिया

जन्मोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में, सुप्रसिद्ध भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा की विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया. कार्यक्रम पूर्व उन्होंने श्री हनुमानजी की पूजा अर्चना की. भजन संध्या में जलोटा ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से उपस्थित जनसमुदाय को भक्ति के सागर में डुबो दिया. उनके लोकप्रिय भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गुंज उठा. भजन संध्या में सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. भजन संध्या में प्रमुख रूप से सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, विधायक परिणय फुके, न्यास के सदस्य संदीप मोहोड़, राहुल देव ठाकरे, कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, न्यास के प्रशासक एवं अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल समेत सभी न्यासीगण एवं जाम सांवली हनुमान के जी अनन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे. इस शुभ अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं मंदिर के न्यासीगणों ने कार्यक्रम में पधारे हुए विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. शर्मा जी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आयोजकों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया.

# मनपा आयुक्त सहित 3 को अवमानना नोटिस

## 21 अप्रैल तक हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

शहर संवाददाता

**नागपुर.** प्राथमिक स्कूल में नियुक्ति होने का कारण देते हुए गलत तरिके से स्नातक वेतनमान दिए जाने के कारण मनपा की ओर से वसूली के आदेश जारी किए गए. जिसे चुनौती देते हुए सुधीर कोरमकर और खजिस्ता असलम खान की ओर से हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की गई. रिट याचिका पर दिए गए आदेशों का पालन नहीं किए जाने के कारण अब दोनों याचिकाकर्ताओं की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई. जिस पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने नगर विकास विभाग सचिव के.एच. गोविंद राज, मनपा आयुक्त अभिजीत चौधरी और मनपा की शिक्षणाधिकारी साधना सोयाम को अवमानना नोटिस जारी कर 21 अप्रैल तक जवाब दायर करने के आदेश दिए. याचिकाकर्ता खजिस्ता असलम खान को 19 अक्टूबर 1985 को सहायक शिक्षक (प्राथमिक) के रूप में नियुक्त किया गया था. इसी तरह से दूसरे याचिकाकर्ता सुधीर कोरामकर को 21 जनवरी 1992 को सहायक शिक्षक (प्राथमिक) के रूप में नियुक्त किया गया था. रिट याचिका पर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार याचिकाकर्ताओं की नियुक्तियों को लेकर कोई विवाद नहीं है. जबकि दोनों नियुक्तियां विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई थी. रिट याचिका के अनुसार मनपा के शिक्षणाधिकारी की ओर से 20 सितंबर 1988 को आदेश जारी किया गया था. जिसके अनुसार खान को ताज बाग उर्दू माध्यमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था. 20 सितंबर 1988 से सेवानिवृत्ति तक खान ने माध्यमिक विद्यालय शिक्षक के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन किया. इसी तरह से सुधीर कोरमकर को 24 जून 1992 को दुर्गा नगर स्थित माध्यमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था. वह आज तक वह माध्यमिक शिक्षक के रूप में काम कर रहा है.

# संकट कटै मिटै सब पीरा .जो सुमिरै हनुमत बलबीरा ।।

## जामसांवली में शनिवार को भव्य हनुमान जन्मोत्सव

## विश्राम मुद्रा में विराजित हनुमान जी के दर्शन के लिए लगेगा लाखों भक्तों का ताता

**पीयूष पाटिल**

'संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा' इस चौपाई का अर्थ है कि जो व्यक्ति हनुमान जी का ध्यान करता है, उसके सभी संकट दूर हो जाते हैं और सभी पीड़ाएं मिट जाती हैं. इस चौपाई में हनुमान जी को "बलबीरा" कहा गया है, जिसका अर्थ है "बहुत शक्तिशाली". हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त हैं और उन्हें भगवान शिव से वरदान प्राप्त है. हनुमान जी के पास सभी प्रकार की शक्तियां हैं, जिनका वे अपने भक्तों की रक्षा के लिए उपयोग करते हैं.

इस चौपाई में यह भी बताया गया है कि जो व्यक्ति हनुमान जी का ध्यान करता है, उसके सभी संकट दूर हो जाते हैं. हनुमान जी अपने भक्तों के दुखों को दूर करने में सक्षम हैं. वे अपने भक्तों को सभी प्रकार के कष्टों से बचाते हैं. सनातन पंचांग के अनुसार,शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव है. इस दिन चैत्र पूर्णिमा भी है. शास्त्रों में चैत्र पूर्णिमा तिथि का बड़ा महत्व है. इस तिथि पर ही त्रेता युग में ब्रम्हांड के निर्माता मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी का जन्म हुआ था. अतः हर वर्ष चैत्र पूर्णिमा तिथि पर हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जाता है. इस दिन हनुमान जी की विशेष पूजा-उपासना की जाती है. बल, बुद्धि और शक्ति प्रदाता हनुमान जी के शरणागत रहने वाले साधकों को सभी प्रकार के सांसारिक दुखों से मुक्ति मिलती है. साथ ही जीवन में मंगल का आगमन होता है. हनुमान जी को 108 नामों से भी जाना जाता है.

भगवान हनुमान जी के लिए शनिवार का दिन विशेष माना जाता है. हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार हर भगवान का अलग-अलग महीने में विशेष महत्व रहता है. नागपुर जिले की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के पांढुर्णा जिले के जामसांवली में स्थित विश्व प्रसिद्ध हनुमान जी को मंगल दोष की मुक्ति के लिए विशेष स्थान माना जाता है. जामसांवली में विश्राम मुद्रा में विराजित हनुमान जी का जन्मोत्सव शनिवार के मंगल दिन पर मनाया जाएगा. जिस कारण यहां लाखों भक्त सुबह से ही दर्शन करने पहुंचना शुरू हो गया. मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव शुरू हैं. आज शुक्रवार 11 अप्रैल को रात 9 बजे, प्रसिद्ध भजन गायक सनी अलबेला जी (मेरे महाकाल सरकार के गायक) भजन संध्या प्रस्तुत करेंगे. शनिवार हनुमान जयंती के पर्व मध्य रात्रि 2 बजे, मंत्रोच्चारण के साथ श्री मूर्ति का भव्य रुद्राभिषेक और सुबह 5 बजे महाआरती के बाद श्री मूर्ति दर्शन प्रारंभ होंगे.





### विश्राम अवस्था में पीपल के पेड़ के नीचे विराजमान हैं श्रीमूर्ति

भारतीय जीवन में श्रीराम के सुपात्र पवन पुत्र हनुमान जी का अत्यंत विशिष्ट स्थान है. पवन सुत के प्रति इस अगाध श्रद्धा का केंद्र है जामसांवली का हनुमान मंदिर, जहां पीपल के पेड़ के नीचे लेटी हुई अवस्था में हनुमानजी की प्रतिमा विराजमान है. प्रतिमा की नाभी से पवित्र जल आता है. पांढुर्णा जिले के सौंसर तहसील मुख्यालय से 7 किमी और नागपुर-छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे पर बजाज चौक से पांढुर्ना मार्ग पर एक किमी दूर जामसांवली का हनुमान मंदिर श्रद्धा व आस्था का केंद्र है. किवदंतियों के अनुसार हनुमान जी की श्रीमूर्ति पीपल के पेड़ के नीचे स्वयंभू प्रगट हुई है. पीपल के पेड़ के नीचे विराजमान हनुमानजी की श्रीमूर्ति ऊर्ध्वमुखी है. संपूर्ण भारत वर्ष में इस तरह की उर्ध्वमुखी श्रीमूर्ति कहीं और नहीं है.

### किसने स्थापना की इसके प्रमाण नहीं

किवदंती है कि पहले हनुमान जी की मूर्ति ऐसी नहीं थी. बताया जाता है सालों पहले यहां चोरी करने के लिए कुछ चोर पहुंचे. उन्हें पता चला कि इस प्रतिमा के नीचे बहुत धन है. उस समय यह मूर्ति खड़ी अवस्था में थी. चोरों ने जब मूर्ति हटाने का प्रयास किया. इसी दौरान सामग्री को चोरी से बचाने के लिए हनुमानजी की मूर्ति लेट गई उसे हटाने का बहुत प्रयास किया गया लेकिन वह एक इंच भी नहीं सरकी. बताते हैं हनुमान जी की मूर्ति और इसकी स्थापना किसने की, इसका कोई प्रमाण नहीं है. कुछ लोगों के अनुसार स्वयं स्वामी श्री हनुमान यहां प्रकट हुए. जामसांवली मंदिर के इतिहास में 100 साल पहले राजस्व अभिलेखों में महावीर हनुमान का उल्लेख पीपल के पेड़ के नीचे आया था. बुजुर्ग बताते हैं कि हनुमान जी की मूर्ति पूर्व दिशा में खड़ी थी. कुछ लोगों को मूर्ति के नीचे छिपे खजाने के संदेह के कारण, लोगों ने मूर्ति को हटाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए. लोगों ने मूर्ति को हटाने के लिए 20 बैलों का भी इस्तेमाल किया लेकिन मूर्ति नहीं हिली. कुछ लोग इसे रामायण काल का बताते हैं. कुछ लोग इस जगह को हनुमानजी का स्वयंभू स्थान बताते हैं. यह चर्चा यह भी होती है कि भगवान राम पीपल के पेड़ की भूमिका में खड़े हैं और भगवान हनुमान उनके चरण वंदन कर रहे हैं. ऐसा कहा जाता है कि यहां पर पीपल के पेड़ की जड़ों से यह प्रतिमा का स्वरूप बना है.

### 314 करोड़ की लागत से हनुमान लोक का निर्माण

जामसांवली हनुमान मंदिर में हनुमान लोक का निर्माण किया जा रहा है. मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड 30 एकड़ में हनुमान लोक का निर्माण कर रहा है, जिसकी लगात 314 करोड़ रुपये आएगी. उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर 6 चरणों में हनुमान लोक कॉरिडोर का काम होगा. पहले चरण में एंट्रेंस प्लाजा से हनुमान लोक तक का काम किया जा रहा हैं, जिसकी लागत 35 करोड़ रुपये हैं. पहले फेज में 2 बड़े कारिडोर का निर्माण किया जा रहा हैं , जिसमें हनुमान जी के बाल स्वरूप का चित्रण होगा. इसके साथ ही किष्किंधा से लेकर सूर्यदेव से जुड़ी कहानियों को भी हाईटेक टेक्नोलॉजी से दर्शाया



जाएगा. हनुमान लोक कॉरिडोर में फाइबर की 9 मूर्तियां लगाई जाएंगी. वहीं, भक्तों की संख्या को देखते हुए पार्किंग स्थल का भी विस्तार होगा. करीब डेढ़ लाख स्क्वायर फीट में पार्किंग की व्यवस्था होगी.

### मेरा जाम सांवली वाला हनुमत

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण जाम सांवली धाम हनुमान लोक के आधिकारिक भजन का विमोचन रहा. प्रसिद्ध भजन गायक माहिर शर्मा ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती के समक्ष इस भक्तिमय भजन की प्रस्तुति दी, जिसके मधुर स्वर सुनकर उपस्थित सभी श्रद्धालु भावविभोर हो गए. भजन के बोल ₹मेरा जाम सांवली वाला हनुमत₹ हैं, जो हनुमान जी के प्रति अटूट श्रद्धा और जाम सांवली धाम की महिमा का सुंदर वर्णन करते हैं. माहिर शर्मा, जो कि भजन गायन के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं और पूर्व श्री बाघेश्वर धाम तथा पूज्य प्रेमानंद जी महाराज के समक्ष भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं. न्यास के विशेष आग्रह पर इस भजन के माध्यम से उन्होंने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर में अपनी सेवा अर्पित की है.

### भारत में दो ही स्थान पर ही है हनुमान जी लेटी हुई प्रतिमा

भारत में हनुमान जी की लेटी हुई प्रतिमा केवल जामसांवली और प्रयागराज में ही हैं. प्रयागराज में संगम के किनारे स्थित लेटे हनुमान मंदिर में हनुमान जी की लेटी हुई प्रतिमा है. जामसांवली में जिस तरीके से स्वयंभू हनुमान जी की प्रतिमा विश्राम अवस्था में है ऐसी हनुमान जी की प्रतिमा पूरे विश्व में और कहीं नहीं है. इसी वजह से इस मंदिर को नाम चमत्कारिक हनुमान मंदिर कहा जाता हैं.

### महाराष्ट्र समेत पड़ोसी राज्यों से आते हैं श्रद्धालु

जामसांवली हनुमान मंदिर में प्रदेश ही नहीं, महाराष्ट्र समेत पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु भी दर्शन करने के लिए आते हैं. हनुमान लोक बनने के बाद मंदिर में भक्तों की संख्या में इजाफा होगा, जिससे इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन हब के रूप में पहचान मिलेगी. ऐसे में यहां रेस्टोरेंट समेत अन्य कई प्रकार की सुविधाओं में आने वाले दिनों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है.

### मंदिर परिसर में होता हैं मानसिक रोग का उपचार



जामसांवली का हनुमान मंदिर मानसिक रोगियों के उपचार संबंधी आस्था - विश्वास के लिए भी जाना जाता है ,यहां प्रतिवर्ष मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों के हजारों मानसिक रोगी आते हैं . मनोरोगियों के परिवार की मान्यता होती की मंदिर परिसर व्यक्ति को रखने से रोग से मुक्ति मिल जाएगी और पीड़ित को बेसहारा स्थिति में छोड़कर चले जाते है. इन रोगियों को उचित उपचार की जरूरत होती हैं, पूर्व में मंदिर में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ते जा रही थी ,जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक होती थी, इस समस्या का संज्ञान लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवाभावी संस्था ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा मंदिर परिसर में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र संचालित कर मानसिक रोग के प्रति जागरुकता का प्रचार -प्रसार किया जा रहा हैं . संस्था द्वारा मंदिर परिसर में नि:शुल्क मनोचिकित्सक ओपीडी का आयोजन एवं औषधि वितरण का कार्य शुरू किया जाता हैं, संस्था के प्रयास से विगत 12 वर्षो में हजारों मानसिक रोगी स्वस्थ होकर जीवन यापन कर रहे.

# भारत की पहली गियर्ड इलेक्ट्रिक बाइक शुरू

## मिलेगा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा



**अहमदाबाद.** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद के चांगोदर में मैटर द्वारा स्थापित देश के पहले गियर्ड इलेक्ट्रिक मोटरबाइक प्लांट का उद्घाटन किया. मुख्यमंत्री ने इस सुविधा के बारे में जाना और उन्हें एक इलेक्ट्रिक मोटरबाइक भेंट की गई. गुजरात पुलिस विभाग और गिर वन रेंजर्स को भी एक-एक बाइक भेंट की गई. मैटर के नए नेक्स्ट-जनरेशन प्लांट में मेक इन इंडिया और इनोवेटिव इंडिया पहल के तहत सालाना 1.2 लाख इलेक्ट्रिक बाइक बनाई जाएंगी. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुजरात को भारत में ग्रीन एनर्जी का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए 'भारत में इनोवेशन' का मंत्र दिया है. इसका समर्थन करने के लिए मैटर कंपनी ने देश के पहले गियर्ड इलेक्ट्रिक मोटरबाइक प्लांट का उद्घाटन किया है.

**रिन्यूएबल एनर्जी को मिली प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों के जरिए रिन्यूएबल एनर्जी को प्राथमिकता दी है. उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत की ग्रीन एनर्जी कैपेसिटी 2.8 गीगावाट से बढ़कर 102.5 गीगावाट हो गई है, जबकि विंड पॉवर जनरेशन लगभग दोगुना हो गया है. प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की सफलता के तहत देश भर में 11 लाख से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिससे सौर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 9 गीगावाट से बढ़कर 98 गीगावाट हो गई है. 4.5 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के प्रोडक्शन के लिए 2,240 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादक बन जाएगा.

पिछले दशक में ईवी की बिक्री 640 गुना बढ़ी है, पिछले साल अकेले 17 लाख ईवी बेचे गए. गुजरात की ईवी नीति-2021 के तहत, राज्य सक्रिय रूप से ईवी बुनियादी ढांचे और लिथियम-आयन बैटरी के उत्पादन को बढ़ावा दे रहा है.

**800 ईवी बसें चल रही हैं**

राज्य की पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम में वर्तमान में लगभग 800 ईवी बसें चल रही हैं और पिछले साल गुजरात में 2.64 लाख ईवी रजिस्टर्ड किए गए थे. मैटर कंपनी के संस्थापक और समूह सीईओ मोहल लालभाई ने सीएम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस अवसर को कंपनी और ईवी इकोसिस्टम दोनों के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण बताया. उन्होंने इस उपलब्धि को संभव बनाने के लिए गुजरात की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों को श्रेय दिया.

**2,000 रोजगार के अवसर उत्पन्न**

मैटर मैन्युफैक्चरिंग हब ईवी को देशभर में अपनाए जाने के साथ, यह हब 'मेक इन इंडिया' और 'इनोवेट इन इंडिया' जैसे अभियानों को गति देगा और अगले तीन वर्षों में लगभग

मैटर मैन्युफैक्चरिंग हब की प्रमुख सुविधाएं

- ♣ बैटरी मैन्युफैक्चरिंग – इन-हाउस प्रक्रिया, विश्वसनीयता और क्वालिटी पर पूरा नियंत्रण
- ♣ बैटरी टेस्टिंग – थर्मल मैनेजमेंट और परफॉर्मेंस के लिए रियल-वर्ल्ड टेस्टिंग
- ♣ पावरट्रेन मैन्युफैक्चरिंग – इन-हाउस उच्च प्रदर्शन वाली इलेक्ट्रिक पावरट्रेन
- ♣ पावरट्रेन टेस्टिंग – मल्टी-लेवल टेस्टिंग से सस्टेनेबल और सुरक्षित पावरट्रेन
- ♣ व्हीकल असेंबली – पूरी तरह एकीकृत असेंबली लाइन
- ♣ व्हीकल टेस्टिंग – परफॉर्मेंस, ड्यूरैबिलिटी और टॉर्चर ट्रैक पर गहन टेस्टिंग

2,000 रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा. यह गुजरात सरकार के साथ किए गए 'वाइब्रेंट गुजरात 2022' एमओयू का हिस्सा है. मैटर के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ मोहाल लालभाई ने कहा, 'यह हमारे लिए और भारत के ईवी इकोसिस्टम के लिए एक निर्णायक क्षण है. हमारा मैन्युफैक्चरिंग हब टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ताक़त के ज़रिए भारत के मोबिलिटी सिस्टम को बदलने के लिए तैयार है.

हमारी क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ हम सस्टेनेबिलिटी को केंद्र में रखकर काम कर रहे हैं जो लोगों और पर्यावरण दोनों पर दीर्घकालीन सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा.' मैटर के को-फाउंडर और ग्रुप सीओओ अरुण प्रताप सिंह ने कहा, 'हमारा यह मैन्युफैक्चरिंग हब हमारे बोल्ड इनोवेशन दृष्टिकोण और ग्राहक-केंद्रित समाधान की गवाही देता है. यह उपक्रम भारत के कनेक्टेड एवं शाश्वत भविष्य की दिशा में गति प्रदान करेगा. हम गर्व से 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' की भावना को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं. 'यह मैन्युफैक्चरिंग हब 'इनोवेट एंड मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता को साकार करते हुए, भारत को कनेक्टेड और इलेक्ट्रिक फ्यूचर की ओर ले जा रहा है.

# जल्द पहचान पार्किंसन रोग में इलाज कारगर : डॉ. अंकुर जैन



**नागपुर.** 'पार्किन्सन एक धीमे-धीमे बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव ब्रेन डिसऑर्डर है, जो मुख्य रूप से शारीरिक गतिविधियों को प्रभावित करता है. लेकिन अगर इस रोग का तुरंत निदान हो और सही इलाज किया जाए, तो मरीज लंबे समय तक आत्मनिर्भर रह सकता है,' ऐसा वक्तव्य वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपुर के प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अंकुर जैन (एमडी, डीएनबी, डीएम-न्यूरोलॉजी) ने दिया.

पार्किन्सन के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अंकुर जैन ने कहा, 'आमतौर पर पार्किन्सन की स्थिति 60 साल की उम्र के बाद देखने को मिलती है, लेकिन अब कुछ मरीजों में 40 की उम्र के आसपास ही इसके लक्षण दिखने लगे हैं. इस रोग में ब्रेन के 'सबस्टैंशियानिग्रा' नामक हिस्से में डोपामिन नामक रसायन बनाने वाली कोशिकाएं धीरे-धीरे नष्ट हो जाती हैं. डोपामिन एक महत्वपूर्ण न्यूरोट्रांसमीटर है जो मांसपेशियों की संतुलन और सुचारु गति के लिए जरूरी होता है.'

डॉ. जैन ने आगे कहा, 'पार्किन्सन रोग के चार मुख्य लक्षण होते हैं – आराम की स्थिति में अधिक महसूस होने वाला कंपन (ट्रेमर), गतिविधियों का धीमा होना (ब्रेडी-काइनेशिया), मांसपेशियों में अकड़न और चलने व संतुलन बनाए रखने में कठिनाई. इसके साथ-साथ नींद की समस्या, कब्ज, डिप्रेशन और याददाश्त की कमी जैसे अन्य लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं. मरीजों में दिखने वाले लक्षण और न्यूरोलॉजिकल टेस्ट्स की मदद से डॉक्टर इसका निदान करते हैं. इसके लिए आमतौर पर ब्लड टेस्ट, सीटी स्कैन या एमआरआई की जरूरत नहीं होती.

सामान्य जांच के जरिए ही इसकी पहचान हो जाती है. कुछ मामलों में डोपामिन ट्रांसपोर्टर स्कैन (डीएटी स्कैन) उपयोगी होता है, लेकिन वह महंगा होता है और हर जगह उपलब्ध नहीं है.'

लेवोडोपा-कार्बिडोपा प्रभावी दवा

इलाज के बारे में बात करते हुए डॉ. अंकुर जैन ने स्पष्ट किया कि 'पार्किन्सन का फिलहाल कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन यह एक धीरे-धीरे बढ़ने वाला रोग होने के कारण सही दवाओं से मरीज कई वर्षों तक आत्मनिर्भर रह सकता है. इलाज में लेवोडोपा-कार्बिडोपा दवा को सबसे ज्यादा प्रभावी माना जाता है, खासकर गतिविधियों के मामले में यह काफी असरदार होती है. लेकिन लंबे समय तक इसके इस्तेमाल से कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इसलिए डोपामिन एगोनिस्ट्स (प्रैमीपेक्सोल, रोपिनिरोल) या एमएओ-बी इन्हिबिटर्स का उपयोग कर डोज को कम रखा जाता है. कम उम्र के मरीजों में ट्रेमर के लिए ट्राय-हेक्सिफेनिडिल फायदेमंद होता है.'

### दीर्घकालिक और धीरे-धीरे बढ़ने वाला रोग

डॉ. अंकुर जैन ने कहा, 'जिन मरीजों में दवाओं से लक्षणों पर नियंत्रण नहीं हो पाता या जिनमें ट्रेमर्स ज्यादा होते हैं, उनके लिए डीप ब्रेन स्टिम्युलेशन (डीबीएस) नामक शल्यक्रिया एक विकल्प होता है. पहले यह सुविधा केवल दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे कुछ गिने-चुने शहरों में उपलब्ध थी, लेकिन अब यह वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, नागपुर में भी उपलब्ध है. दवाओं के साथ-साथ नियमित फिजियोथेरपी, ऑक्युपेशनल थेरपी और स्पीच थेरपी मरीज की गति, संतुलन और जीवन स्तर सुधारने में बहुत महत्वपूर्ण साबित होती हैं.' डॉ. अंकुर जैन के अनुसार, 'पार्किन्सन एक दीर्घकालिक और धीरे-धीरे बढ़ने वाला रोग है, लेकिन समय पर निदान, सही दवा, शल्यक्रिया और विभिन्न थेरपीज़ की मदद से मरीज लंबे समय तक आत्मनिर्भर और अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं.'




# अमेरिकी बाजार 12% तक चढ़े

## जापान-ताइवान के बाजार में करीब 9% की तेजी

**मुंबई .** अमेरिकी बाजार 9 अप्रैल को 12% तक चढ़कर बंद हुए.एशियाई बाजारों में भी 9% से ज्यादा की तेजी रही.वहीं भारतीय बाजार आज महावीर जयंती की छुट्टी के कारण बंद हैं.बाजारों में आई इस तेजी की वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वो फैसला है जिसमें उन्होंने चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है।

### एशियाई बाजार तेजी के साथ बंद हुए...

- जापान का निक्केई इंडेक्स 2,894 पॉइंट या 9.13% चढ़कर 34,609 के स्तर पर बंद हुआ।
- कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 151 पॉइंट या 6.60% चढ़कर 2,445 के स्तर पर बंद हुआ ह।
- ताइवान का TAIEX इंडेक्स 1608 पॉइंट या 9.25% चढ़कर 19,000 के स्तर पर बंद हुआ।
- NSE के इंटरनेशनल एक्सचेंज पर ट्रेड होने वाला गिफ्ट निफ्टी करीब 700 अंक ऊपर है।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 37 पॉइंट या 1.16% चढ़कर 3,223 पर पहुंच गया है।

अमेरिका के नैस्डैक में 2001 के बाद से सबसे बड़ी बढ़त

- डॉउ जोन्स 2,962 अंक या 7.87% बढ़कर 40,608 पर बंद हुआ, जो मार्च 2020 के बाद से इसका सबसे बड़ा सिंगल डे गेन है।
- S&P 500 इंडेक्स 9.52% बढ़कर 5,456.90 पर पहुंच गया, जो 2008 के बाद से इसका सबसे बड़ा सिंगल सेशन राइज है।

# ट्रेड वॉर के बीच 'गुड न्यूज'!

## भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात लगभग तय



**नई दिल्ली.** ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच ही भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर 90 परसेंट सहमति बन चुकी है. ब्रिटेन की सरकार इसी साल के भीतर 1.4 बिलियन की आबादी वाले देश भारत के साथ इस ट्रेड पार्टनरशिप को अंतिम रूप देने को लेकर आशावादी हैं. द गार्जियन ने एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, एग्रीमेंट पर बात लगभग बन गई है. हम पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं और राजनीतिक स्तर पर दोनों देशों के बीच बात हो रही है.

**फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध**

बता दें कि लंदन में आयोजित '13वें इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग' में दोनों देशों ने अपने बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर आगे बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स ने की. सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, वीजा से जुड़ा विवादास्पद मुद्दा काफी हद तक हल हो चुका है. अब व्हिस्की, कारों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ पर बात होनी है. अगर इन पर भी बात बन जाती है तो भारत से ब्रिटेन में निर्यात होने वाले स्कॉच व्हिस्की और कारों के लिए टैरिफ खासतौर पर कम हो सकता है.

**इसलिए BTA को आगे बढ़ा रहा भारत**

इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण भारत अधिक द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को आगे बढ़ा रहा है, जो दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं. इस दौरान ब्रिटेन के साथ 128 मिलियन पाउंड का नया एक्सपोर्ट डील भी हुआ और निवेश की भी घोषणा हुई. कार्यक्रम में चांसलर रेचल रीव्स ने भारत जैसे देशों के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला ताकि आर्थिक विकास को गति मिल सके.

राष्ट्रबाण विदर्भ VISION

।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।

तापमानः नागपुर, अधिकतम 42.0°C न्यूनतम 22.4°C

नागपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

# विजय वडेट्टीवार अंतराष्ट्रीय लीडर

## चंद्रशेखर बावनकुले का कांग्रेस नेता पर तंज

**अमरावती.** भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार पर तंज कसा है. वडेट्टीवार को अंतराष्ट्रीय नेता बताते हुए बावनकुले ने कहा, ₹वडेट्टीवार विरोधी नेता है, उन्हें सिर्फ बोलना है इसलिए वह बोल रहे हैं.₹ बावनकुले गुरुवार को अमरावती दौरे पर पहुंचे, जहां दीनानाथ अस्पताल को लेकर वडेट्टीवार के दिए बयान पर सवाल पूछा गया, जिसपर जवाब देते हुए यह बात कही.

**क्या कहा था वडेट्टीवार ने?**

बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए विजय वडेट्टीवार ने कहा कि मैं हर दिन तनिषा भिसे मौत मामले के बारे में पढ़ रहा हूं. मंगेशकर परिवार लुटेरों का एक गिरोह है. क्या उनमें से किसी ने कभी कुछ दान किया है? सबने जयकार की क्योंकि उसने अच्छा गाना गाया था. बहन लतादीदी, बहन आशादीदी, यह बहन, वह बहन. उन्होंने जनता और देश के लिए क्या किया? खिलारे पाटल ने उन्हें जमीन दान में दी, लेकिन मंगेशकर ने उन्हें भी नहीं छोड़ा. इसीलिए मैं कहता हूं कि ये मानवता पर एक धब्बा है. अगर वे इस तरीके से अस्पताल चला रहे हैं तो यह मंगेशकर परिवार के लिए कलंक की बात है.



### बावनकुले ने बयान पर किया पलटवार

**वडेट्टीवार के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ₹वडेट्टीवार को बोलना पड़ता है इसलिए वह बोलते हैं. उनका बोलना अलग है और मन में अलग है. मैं अमरावती के विकास के लिए यहाँ आया हूँ, उसपर बोलना चाहिए इसलिए मुझसे और कुछ मत पूछो.₹ बावनकुले ने तंज कस्ते हुए वडेट्टीवार और संजय राउत को अंतराष्ट्रीय नेता बनाया. बावनकुले ने आगे कहा कि, उन्हीं से उनका सवाल किया करो और वहीं जवाब देंगे.**

# डॉ. पंजाबराव देशमुख को मिले भारत रत्न

## चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा : अमरावती से पहली उड़ान मुंबई के लिए रवाना होगी

**अमरावती.** अमरावती हवाई अड्डे से 16 अप्रैल से यात्री उड़ान सेवाएं शुरू होंगी, जो अमरावती के लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है. हमें विशेष रूप से खुशी है कि देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने और मेरे इस जिले का पालकमंत्री बनने के बाद अमरावती से पहली उड़ान मुंबई के लिए रवाना होगी. पश्चिमी विदर्भ के विकास का रास्ता 16 तारीख को अमरावती में खोला जाएगा. अमरावती-मुंबई उड़ान सेवा के बाद अन्य स्थानों पर भी उड़ान सेवाएं शुरू की जाएंगी. राजस्व मंत्री और जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने गुरुवार को यहां आश्वासन दिया कि वे अमरावती-दिल्ली उड़ान सेवा भी शुरू करेंगे. श्री शिवाजी शिक्षण संस्थान की ओर से डॉ. पंजाबराव देशमुख की 60वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में छत्रपति श्री शिवाजी महाराज सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हर्षवर्धन देशमुख ने की. कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर, सांसद डॉ. अनिल बोंडे, सांसद बलवंत वानखड़े, विधायक सुलभा खोडके आदि उपस्थित थे. चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि अमरावती से अब नियमित यात्री उड़ान सेवाएं शुरू हो रही हैं.



चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, ₹शिक्षा गुरु डॉ. पंजाबराव देशमुख को भारत रत्न पुरस्कार मिले, इसके लिए हम सब मिलकर काम करें. हम 16 अप्रैल को खुद मुख्यमंत्री के साथ चर्चा करेंगे. हम जिले के जन-प्रतिनिधियों की बैठक लेकर तय करेंगे कि राज्य सरकार को किस तरह का प्रस्ताव केंद्र को भेजना चाहिए. इस संस्था का कर्ज तो चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन हम अपना योगदान जरूर देंगे.

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मैं उद्घाटन कार्यक्रम के लिए अमरावती आ रहे हैं. अमरावती को हवाई सेवा की जरूरत थी, जो अब पूरी हो गई है. पश्चिमी विदर्भ के विकास का द्वार खुलने वाला है. डॉ. का सपना है कि हमारा महाराष्ट्र और विदर्भ विकसित हो. पंजाबराव देशमुख ने इसे देखा था. उनकी इच्छा विशेषकर कृषि क्षेत्र का विकास देखने की थी. बावनकुले ने कहा, "मैं भी श्री शिवाजी शिक्षण संस्थान का पूर्व छात्र हूं." मेरी शिक्षा इसी संस्थान के स्कूल में हुई. मेरे पास राजस्व विभाग है. मैं संगठन के लिए जमीन उपलब्ध कराने को तैयार हूं.

### अमरावती हवाई अड्डे पर रात्रिकालीन लैंडिंग की अनुमति नहीं





विदर्भ में अमरावती हवाई अड्डा मुंबई-अमरावती-मुंबई उड़ान सेवा शुरू करने के लिए तैयार है. अमरावती हवाई अड्डे ने 'एयर कैलिब्रेशन ऑफ प्रिसिजन एप्रोच पाथ इंडिकेटर' (पीएपीआई) का सफलतापूर्वक कार्य पूरा कर लिया है. इस हवाई अड्डे से 16 अप्रैल से मुंबई-अमरावती-मुंबई उड़ान सेवा शुरू हो रही है. हालाँकि, रात में यहाँ से उड़ान नहीं भरी जा सकती. अमरावती हवाई अड्डे ने 'एयर कैलिब्रेशन ऑफ प्रिसिजन एप्रोच पाथ इंडिकेटर' (पीएपीआई) का सफलतापूर्वक कार्य पूरा कर लिया है. इस हवाई अड्डे से 16 अप्रैल से मुंबई-अमरावती-मुंबई उड़ान सेवा शुरू हो रही है. अमरावती में एक नया रनवे बनाया गया है . इसमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया गया है. यह 18 गुणा 50 मीटर का रनवे है. इसलिए यहां से 72 सीटर एटीआर विमान उड़ान भर सकेगा. इस हवाई अड्डे पर PAPI प्रणाली स्थापित की गई है. यह विमानन सुरक्षा के लिए एक आवश्यक उपकरण है. रनवे की ओर आने वाले विमानों के लिए सुरक्षित लैंडिंग के लिए सही ग्लाइड ढलान बनाए रखना आवश्यक है. PAPI प्रणाली का अंशांकन हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक है. यह अंतर्राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा मानकों के अनुरूप है. अमरावती हवाई अड्डे से हवाई यातायात को सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए हवाई अड्डे ने पूरी तरह से परिचालनात्मक होने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है. सभी उपकरण अंतर्राष्ट्रीय विमानन संगठनों द्वारा निर्धारित सख्त मानकों को पूरा करते हैं. यह सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डे ने प्रमाणित हवाई यातायात विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम किया है. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की उड़ान निरीक्षण इकाई ने एक हवाई यातायात विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में बेंगलुरु से अमरावती हवाई अड्डे के लिए पहले ही उड़ान भर चुके बीच एयर 360 ईआर टर्बोप्रॉप विमान का अंशांकन किया.

## गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस से आभूषणों का अवैध परिवहन

### 2 यात्रियों से 10 लाख रुपए के चांदी के आभूषण जब्त



**गोंदिया.** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने गोंदिया से रवाना हुई बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन में अवैध रूप से चांदी के आभूषण ले जा रहे दो यात्रियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 किलो 368 ग्राम चांदी के आभूषण जब्त किए हैं. इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. यह कार्रवाई 9 अप्रैल की रात को की गई. जहां आरपीएफ ने सिंधी कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय नरेश वलेछा और श्रीनगर वार्ड निवासी 54 वर्षीय विष्णु नागभिरे को हिरासत में लिया. प्रभारी निरीक्षक कुलवंत सिंह और उपनिरीक्षक राहुल पांडे के नेतृत्व में डिवीजनल टास्क फोर्स बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन से गोंदिया रेलवे स्टेशन पहुंची. जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए है. जब उनसे इस आभूषण के संबंध में पूछताछ की गई तो कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले, इसलिए यह कार्रवाई की गई है.

# हिंदुओं, 2 से 3 बच्चे पैदा करो...

## विहिप के गोविंद शेंडे की अपील

**बुलढाणा.** हिंदुओं को हिंदू बनकर रहना चाहिए, वर्तमान समय में हिंदू जनसंख्या का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है. हिंदुओं की जनसंख्या दर तेजी से घट रही है. इसलिए विश्व हिंदू परिषद के पश्चिमी क्षेत्र मंत्री गोविंद शेंडे ने यहां मार्मिक अपील की कि हिंदुओं को दो या तीन बच्चे पैदा करने चाहिए. 'लव जिहाद' हिंदुओं के सामने एक बड़ा संकट है और हिंदू लड़कियों को इस षड्यंत्र से सावधान रहना समय की मांग है. उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार गौहत्या विरोधी कानून को और सख्त बनाए.

गुरुवार, 10 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से बुलढाणा स्थित प्रेस हाउस में विभिन्न संवेदनशील मुद्दों पर मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत की. इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री माधव धुंधले, बजरंग दल संयोजक डॉ. मयूर कारे और विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष उत्कर्ष ढाकने उपस्थित थे.

आज हिंदू लड़कियां 'लव जिहाद' का शिकार हो रही हैं. उन्हें अपने जाल में फंसाकर पांच से छह बच्चे पैदा करने के लिए मजबूर किया जा रहा है. इसके माध्यम से हमारी संख्या बढ़ाई जा रही है. हमें अपनी बेटियों को 'लव जिहाद' का शिकार बनने देने के बजाय 'दुर्गा वाहिनी' से जुड़ना चाहिए ताकि वे इसका शिकार न बनें. वर्तमान में गौहत्या और तस्करी की दर भी बढ़ गई है. गौहत्या तस्करी के मामलों में वाहन या वाहन चालक को पकड़ा जाता है. उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती. उन्होंने मांग की कि गोकशी की तस्करी में संलिप्त पाए गए वाहन के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए. हम परिषद के माध्यम से सरकार से यह भी अनुरोध करते हैं कि अपराधी को कम से कम दस वर्ष



### चारों तरफ से हिंदुओं पर हमले

**देश में जिस तरह से हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं. आगजनी हो रही है, निजी और राष्ट्रीय संपत्ति नष्ट की जा रही है. इसलिए नष्ट की गई संपत्ति का पैसा इन कृत्यों को करने वालों से वसूला जाना चाहिए. इसलिए वे दोबारा ऐसा करने की हिम्मत नहीं करेंगे. शेंडे ने यह भी बताया कि सरकार ने हिंदू मंदिर के लिए अधिकतम सुरक्षा की भी मांग की है.**

## फास्ट ट्रैक

### सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर शिबिर का आयोजन



**हिंगणघाट.** शिबिर थायराइड थैलेसमिया सिकल सेल एंवम संपूर्ण रक्त जाच निशुल्क शिबिर का आयोजन सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर किया गया था इस शिबिर का आयोजन सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर स्वर्गीय अण्णाजी जोशी सेवा न्यास, सुखमणी सेवा मंडल हिंगणघाट और भारतीय सिंधू सभा हिंगणघाट द्वारा किया गया था. इस शिबिर का लाभ अनेक लाभार्थीयो ने लिया शिबिर मे सहभागी होते हुए सभी लाभार्थीयो ने अपनी जाच निशुल्क करते हुए समाधान व्यक्त किया. इस शिबिर को सफल बनाने के लिए स्वर्गीय अण्णाजी जोशी सेवा न्यास हिंगणघाट सुखमणी सेवा मंडळ हिंगणघाट के आंचल कटारिया, जूही आर्य, अंजली हासानी, भारतीय सिंधू सभा हिंगणघाट के कार्यकर्ता और पदाधिकारीयो ने शिबिर को सफल बनाने के लिए प्रयास किए.

## भंडारा में एसडीओ एवं तहसीलदार निलंबित

### अवैध रेत खनन और जमाखोरी के आरोप

**भंडारा.** राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भंडारा जिले के तुमसर उपविभाग में अवैध रेत खनन को रोकने में पूरी तरह विफल रहने और जमाखोरी के आरोप में दो राजस्व अधिकारियों को निलंबित कर दिया. निलंबित अधिकारियों के नाम तुमसर उप-विभागीय अधिकारी दर्शन निकालजे और तहसीलदार मोहन टिकले हैं. नागपुर विभागीय राजस्व आयुक्त द्वारा की गई जांच में इन दोनों अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया गया है.



भंडारा जिले में अवैध रेत खनन की रोकथाम, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अवैध रेत डंपर दुर्घटना में घायलों को मुआवजा देने के संबंध में विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया गया था. इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने आश्वासन दिया था कि इस मामले में सात दिनों के भीतर विभागीय आयुक्त द्वारा जांच की जाएगी. जांच रिपोर्ट मिलने पर राजस्व मंत्री बावनकुले ने निलंबन आदेश जारी किया. जांच में पाया गया कि पर्यावरण विभाग की अनुमति के बिना रेत के टीलों से रेत निकाली जा रही थी.

## प्रदेश सचिव पद पर महाकालकर की नियुक्ती

**हिंगणघाट.** राष्ट्रवादी काँग्रेस दिव्यांग सेल (शरदचंद्र पवार) पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश सचिव पद पर मारोती महाकालकर की नियुक्ती की गई. उक्त नियुक्ती राष्ट्रवादी काँग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी के अध्यक्ष शरदचंद्र पवार के आदेश से हुई. प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटील के मार्गदर्शन में दिव्यांग सेल के प्रदेश अध्यक्ष देवीप्रसाद दायमा ने उन्हें नियुक्ति पत्र दिया. महाराष्ट्र प्रदेश सचिव पदी मारोती महाकालकर की नियुक्ती पर वर्धा जिला राष्ट्रवादी काँग्रेस दिव्यांग विभाग का संघटन और भी मजबूत होगा. मारोती महाकालकर ने दिव्यांग बांधव के किए समाज उपयोगी कार्य देखकर किए जाने बात प्रदेश अध्यक्ष देवीप्रसाद दायमा बताई. राष्ट्रवादी काँग्रेस दिव्यांग विभाग प्रदेश सचिव पद पर मारोती महाकालकर की नियुक्ती पर वर्धा जिल्हाध्यक्ष सुनील राऊत, प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले ने अभिनंदन किया.



# अनाज घोटालेबाज जिलाधिकारी के रडार पर

## 2 करोड़ रुपए वसूली के आदेश, 2 निलंबित, 16 अफसरों की जांच शुरू

**गढ़चिरौली.** बजट सत्र के दौरान गढ़चिरौली में अनाज घोटाला सामने आने के बाद झटके से जागे प्रशासन ने अब कार्रवाई शुरू कर दी है. जिला कलेक्टर अविश्यंत पांडा ने चावल की खरीद, भंडारण और प्रसंस्करण में अनियमि-तताओं में शामिल लोगों पर नकेल कसी है. तीन मामलों में 2 करोड़ रुपये तक की वसूली के आदेश जारी किए गए हैं तथा दो को निलंबित कर दिया गया है. इसके साथ ही 16 अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है. इसलिए, घोटालेबाज डर गए हैं.

खाद्यान्न क्रय एवं भंडारण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गबन या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी.

अहेरी स्थित सरकारी अनाज गोदाम में हुए गबन के मामले में गोदाम प्रबंधक और गार्ड को निलंबित कर दिया गया है. रुपये की वसूली 22.42 लाख रुपये का कार्य प्रगति पर है. इस मामले में छह अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है और ट्रांसपोर्टर को भी नोटिस जारी किया गया है. सिरोंचा में वर्ष 2011 में हुए अनाज गबन मामले में 24.8 लाख रुपए की वसूली का आदेश जारी किया गया है. इस मामले में दस अधिकारियों के खिलाफ जांच प्रस्तावित की गई है.

आदिवासी विकास संस्थान देऊलगांव (ता.कुरखेड़ा) में वर्ष 2023-24 में 3900 क्विंटल चावल के गबन का मामला सामने आया है और 153 करोड़ रुपए की वसूली और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं. जिले के सभी तालुकाओं में अनाज भंडार का शत-प्रतिशत निरीक्षण करने के भी आदेश दिए गए हैं. 2 अप्रैल को हुई धान जमाखोरी समन्वय समिति की बैठक में नियमों का उल्लंघन करने वाले चावल मिलर्स के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव दिया गया है.

13 चावल मिल मालिकों की संपत्ति जब्त करने के आदेश

वर्ष 2011 में अनाज लदान मामले में लगाए गए 2.67 करोड़ रुपये के जुर्माने में से 1.35 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं. शेष 72 लाख रुपये की वसूली नहीं करने वाले 13 चावल मिल मालिकों की संपत्ति जब्त करने की कार्यवाही चल रही है. प्रबंधकों ने उन पर मुझ पर नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है और कहा है कि नासिक में प्रबंध निदेशक के साथ मेरे पारिवारिक संबंध हैं, इसलिए यदि आप मेरे कहे अनुसार काम करेंगे तो कुछ नहीं होगा. प्रबंधकों ने इस पत्र में यह भी दावा किया कि उन्होंने मुझे धमकाकर मुझसे पैसे ऐंठ लिए, उन्होंने कहा कि उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारियों और निदेशकों को पैसे देने हैं. इसलिए उप क्षेत्रीय प्रबंधक बावने के पैर गहरे चले गए हैं.



### उप क्षेत्रीय प्रबंधक बावने पर गंभीर आरोप

कुरखेड़ा तालुका के देउलगांव स्थित आदिवासी विविध कार्यकारी सहकारी समिति में 1 करोड़ 53 लाख रुपए के बहुचर्चित चावल घोटाले के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक ने समिति को नोटिस जारी किया है. इसके बाद आदिवासी विविध कार्यकारी सहकारी समिति के प्रबंधकों ने 9 अप्रैल को नासिक में आदिवासी विकास महामंडल के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर उप क्षेत्रीय प्रबंधक मुरलीधर बावने पर गंभीर आरोप लगाए. प्रबंधकों ने आरोप लगाया है कि उपक्षेत्रीय प्रबंधकों के निर्देश पर ही किसानों के नाम पर धान का पैसा निकाला गया.

# 3 लोगों की हत्या करने वाली बाघिन पकड़ी गई

**चंद्रपुर.** अथक प्रयासों के बाद वन विभाग ने बुधवार रात मुल तालुका के मारेगांव-चिटेगाव क्षेत्र में तीन लोगों की जान लेने वाली बाघिन को पकड़ने में सफलता हासिल की. इस बाघिन ने चितेगांव के एक युवक समेत तीन लोगों को मार डाला था. इस बाघिन ने मुल तालुका के सावली-चंद्रपुर वन प्रभाग के सावली और चिचपल्ली वन क्षेत्रों में उत्पात मचाया था. सावली क्षेत्र में नीलेश दुर्गा कोरेवार और शेषराव नागोसे दोनों की मौत हो गई, जबकि चिचपल्ली क्षेत्र में चरवाहे मल्लाजी येगावार की उसी बाघिन के हमले में मौत हो गई. कुछ नागरिक भी घायल हुए. इससे इलाके में भय का माहौल पैदा हो गया.



इस बीच वन विभाग ने बाघिन को पकड़ने के कई प्रयास किए. हालांकि, बाघिन बार-बार वन विभाग को चकमा दे रही थी. परि-णामस्वरूप नागरिकों में वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा था. आखिरकार वन विभाग को बुधवार रात सावली वन क्षेत्र में बाघिन को पकड़ने में सफलता मिल गई. यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक डॉ. जितेंद्र रामगांवकर, वनमंडलाधिकारी प्रशांत खाड़े, सहायक वनसंरक्षक विकास तरसे और सावली के वनपरिक्षेत्राधिकारी विनोद धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई. चंद्रपुर वन रेंज अधिकारी घनश्याम नायगांवकर ने बाघिन को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया. इससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है और वन विभाग की सराहना हो रही है.

## असुविधा जल निकायों तक पानी पहुंचाने के लिए टैंकरों का इस्तेमाल किया जा रहा

# वन्यजीवों को भी करना पड़ रहा पानी की कमी का सामना

**अमरावती.** मेलघाट टाइगर रिजर्व में प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाने से जंगली जानवरों को भी पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा कृत्रिम जलस्त्रोत भी सूख जाने से जंगली जानवर पानी की कमी के कारण पानी के लिए भागने लगे हैं. पिछले दस-बारह वर्षों से मेलघाट की बारहमासी नदियाँ और जलधाराएँ अपना अस्तित्व खो चुकी हैं. प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख रहे हैं.

वन विभाग ने जंगल में कई स्थानों पर कृत्रिम जल निकाय बनाए हैं, जिससे जंगली जानवरों की प्यास बुझ रही है. वन विभाग ने अब टैंकरों और सौर पंपों के माध्यम से कृत्रिम जल निकायों में नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी है.

प्राकृतिक आवासों को पसंद करने वाले वन्यजीवों के जल स्त्रोतों के सूख जाने के कारण अपने आवासों से दूर पलायन करने की संभावना है. वर्तमान में जंगली जानवर कृत्रिम जलाशयों पर अपनी प्यास बुझाने के लिए जंगलों में घूमते नजर आते हैं. मेलघाट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए कई प्राकृतिक जल निकाय हैं. लेकिन इस साल बढ़ती गर्मी के कारण ये प्राकृतिक संसाधन सूख गए हैं.

जंगल के उन क्षेत्रों से, जहां कुआं है और गर्मियों में भी पानी रहता है, तथा उन क्षेत्रों से जहां बोरवेल है, सौर ऊर्जा का उपयोग करके सीमेंट के बेसिनों और कृत्रिम जलाशयों तक पानी लाया जाता है. जंगल के कई क्षेत्रों में सौर पंप लगाए गए हैं. कठिन स्थानों पर जहां सौर ऊर्जा उपलब्ध नहीं है, वहां सीमेंट बेसिनों और कृत्रिम जलाशयों में टैंकरों द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है.



**मेलघाट के जंगलों से निकलने वाली सिपना, गडगा, मेलडोह, खांडू, खपरा, राजदही, दावल और कुकरी जैसी नदियां अप्रैल शुरू होने से पहले ही सूख गईं. इसलिए वन अधिकारी जंगली जानवरों की सहायता के लिए आगे आए हैं. भीषण गर्मी के दौरान टाइगर रिजर्व के अधिकारी, कर्मचारी और वनकर्मी टैंकरों से जल निकायों में पानी पहुंचाते नजर आते हैं. हाटरू, रायपुर, जरीदा, सेमाडोह, हरिसाल, चौराकुंड, तारूबंदा, हरिसाल, सेमाडोह के वन रेंज अधिकारी अपनी टीमों के साथ इस जलाशय पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं. इसलिए, वन्यजीवों के समक्ष आने वाली जल संकट की गंभीरता कुछ हद तक कम हो गई है. यद्यपि मेलघाट में बहुत अधिक वर्षा होती है, फिर भी इस क्षेत्र में पानी की भारी कमी है, क्योंकि सारा पानी पहाड़ों से नीचे बह जाता है. ऐसे में गर्मी के दिनों में बाघ, तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर, सांभर, हिरण और नीलगाय जैसे जंगली जानवरों सहित विभिन्न पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कृत्रिम जलाशय बनाए गए हैं.**


YOU ARE CORDIALLY INVITED!
PLEASE JOIN US IN CELEBRATING FIRST ANNIVERSARY
1st ANNIVERSARY CELEBRATION
57 YEARS OF PURITY & TRUST
BATUKBHAI
JEWELLERS
SINCE 1968
SHANKAR NAGAR
SUPER SAVING
OFFERS & SCHEMES
GOLD AT OLD RATES*
On Selected Jewellery pieces or above a certain purchase value
NO MAKING CHARGES*
On Selected Jewellery pieces or above a certain purchase value
0% MAKING IN DIAMOND*
FREE TRIP ASIA & EUROPE*
HURRY, OFFER ENDS ON APRIL 30
PREMIUM SHOPPING EXPERIENCE (12 & 13 APRIL) BOTH DAYS
Shopping Hours (11 AM - 2 PM)
• Personalized jewellery styling for clients. • Special discounts & customized design for premium buyers
DAY 1 : APRIL 12, 5 PM - 8 PM
DIAMOND & BRIDAL JEWELLERY SHOWCASE
• Exclusive Unveiling of New Diamond Collection
DAY 2 : APRIL 13, 4 PM - 6 PM
FASHION SHOW & SPECIAL ACTIVITY
DAY 2 : APRIL 13, 4 PM - 8 PM
BRIDAL JEWELLERY FEST
• Personalized bridal jewellery consultation with experts
*Conditions apply
New Showroom, 67, Shankar Nagar | Call : +91 77450 77778